उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 24.01.2023

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना चरखारी पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 05 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में जनपद में अवैध जुआ व सट्टा में लिप्त अभियुक्तों की चेकिंग एवं गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में दिनांक 23.01.2023 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. गौतम क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री अजय अग्रवाल के निकट पर्यवेक्षण में थाना चरखारी प्रभारी निरीक्षक श्री विनोद कुमार शुक्ल द्वारा गठित टीम के उ.नि. सुभाषचन्द्र तिवारी द्वारा 05 नफर अभियुक्तगण 1.शैलेन्द्र कुमार अहिरवार पुत्र ग्यासी लाल उम्र 23 वर्ष 2.सचिन राजपूत पुत्र मान सिंह उम्र 22 वर्ष 3.दिनेश राजपूत पुत्र लीलाधर राजपूत उम्र 35 वर्ष 4.पुष्पेन्द्र पाल पुत्र हरिशंकर पाल उम्र 25 वर्ष 5.विनय कुमार अहिरवार पुत्र मदन पाल उम्र 24 वर्ष निवासीगण ग्राम बम्हौरी बेलदारान थाना चरखारी जनपद महोबा को ग्राम बम्हौरी बेलदारान से गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्तगण उपरोक्त के कब्जे से मौके पर मालफड़ 3000 रू. व 52 अदद ताश पत्ता जामातलाशी 1350 रू. कुल 4350/- रूपया बरामद हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना चरखारी में मु.अ.सं. 19/23 धारा 13 जुआ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.व0उ0नि0सुभाषचन्द्र तिवारी 2.का0 नितिन कुमार 3.का0हिमांशु 4.का0 अंशुल कुमार 5.का0 अनिल सोनकर थाना चरखारी जनपद महोबा

### गिरफ्तार अभियुक्त-

1.शैलेन्द्र कुमार अहिरवार पुत्र ग्यासी लाल उम्र 23 वर्ष 2.सचिन राजपूत पुत्र मान सिंह उम्र 22 वर्ष 3.दिनेश राजपूत पुत्र लीलाधर राजपूत उम्र 35 वर्ष 4.पुष्पेन्द्र पाल पुत्र हरिशंकर पाल उम्र 25 वर्ष 5.विनय कुमार अहिरवार पुत्र मदन पाल उम्र 24 वर्ष समस्त निवासीगण ग्राम बम्हौरी बेलदारान थाना चरखारी जनपद महोबा

### बरामदगी-

कुल 4350/- रूपया व 52 अदद ताश पत्ता




@mahobapolice  SP Mahoba @mahobapolice  7839857330

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 24.01.2023

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर होने वाली रैतिक परेड के दृष्टिगत फुल ड्रैस रिहर्सल के दौरान 26 जनवरी को होने वाली परेड की तैयारियों का लिया गया जायया, दिये गये आवश्यक निर्देश ...।

आज दिनांक 24.01.2023 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा आगामी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस परेड की रिहर्सल का निरीक्षण किया गया। परेड में क्षेत्राधिकारी सुश्री हर्षिता गंगवार द्वारा परेड कमाण्डर के रुप में समस्त परेड के साथ पुलिस अधीक्षक को सलामी दी गयी, परेड में टोलीवार प्रतिभाग किया जा रहा है जिसमें जनपदीय सिविल पुलिस, महिला पुलिस, पीएसी की टोलियां हैं इसके अतिरिक्त परेड में मोटरसाइकिल दस्ता, कमाण्डो दस्ता, नारी सशक्तिकरण दस्ता, डायल-112 मोबाइल, रेडियो मेन्टीनेन्स मोबाइल, फील्ड यूनिट दस्ता, दंगा निरोधक दस्ता, अग्निशमन दस्ता इत्यादि द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है।

फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान प्रथम परेड कमाण्डर क्षेत्राधिकारी सुश्री हर्षिता गंगवार सहित सम्पूर्ण परेड ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनपदीय पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से गणतन्त्र दिवस परेड की तैयारियों पर चर्चा करते हुए परेड को और अधिक सुव्यवस्थित एवं सुसज्जित बनाने के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये गये।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम, क्षेत्राधिकारी लाइन सुश्री हर्षिता गंगवार, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री उमेश चन्द्र, प्रतिसार निरीक्षक श्री सैनजीत सिंह सहित परेड में नामित सभी अधि./कर्म. मौजूद रहे।



## थाना कबरई पुलिस टीम ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 24.01.2023 को क्षेत्राधिकारी सदर श्री रामप्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में वारण्टी/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कबरई श्री विनोद कुमार द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं015/2023 धारा 376ए,बी व 506 भादवि तथा 6 पाक्सो एक्ट एवं 3(2)5, 3(2)5क एससी/एसटी एक्ट थाना कबरई से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त रामबाबू उर्फ चिक्की पुत्र अजुद्धी उर्फ जोधा कुशवाहा को पहरा तिराहा से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी उपरान्त जेल भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री विनोद कुमार
2. कां0 अवनेश कुमार
3. कां0 आशीष कुमार बघेल

### गिरफ्तार अभियुक्त-

रामबाबू उर्फ चिक्की पुत्र अजुद्धी उर्फ जोधा कुशवाहा नि0 मु0 रानी लक्ष्मीबाई नगर कस्बा व थाना कबरई जनपद महोबा



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 24.01.2023

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना खरेला का किया गया वार्षिक निरीक्षण, सम्बन्धित को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश।

आज दिनांक 24.01.2023 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा थाना खरेला का वार्षिक निरीक्षण क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री अजय कुमार अग्रवाल की उपस्थिति में किया गया, जिस दौरान भोजनालय, बैरक, महत्वपूर्ण अभिलेखों, **CCTNS** कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, लंबित विवेचना, शस्त्रों के रखरखाव, साफ-सफाई आदि का विस्तृत मुआयना करते हुये आवश्यक निर्देश दिये गये।

वार्षिक निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना खरेला में प्रकृति संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण हेतु पौधरोपण किया गया, इसी क्रम में थानाक्षेत्र के ग्राम प्रहरियों/चौकीदरों को कम्बल वितरित किये गये एवं उनसे वार्ता कर उनको कार्यों की जानकारी दी गयी, तदोपरान्त थाना कार्यालय में समस्त महत्वपूर्ण अभिलेखों का अवलोकन किया गया, जिसके क्रम में आगामी गणतंत्र दिवस(26 जनवरी) के दृष्टिगत पुलिसकर्मियों/चौकीदारों को ड्यूटी के दौरान विशेष सतर्कता बरतने के दिए सख्त निर्देश..कहा- थाना क्षेत्र के अन्तर्गत असामाजिक तत्वों पर पैनीनजर रखते हुये निगरानी की जाये शिकायत प्राप्त होने पर कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

इसी क्रम में महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण कर पीडित से फीडबैक लेने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री अजय कुमार, थानाध्यक्ष खरेला श्री गणेश कुमार सहित थाने में नियुक्त अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।



## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना खरेला के समस्त विवेचकों का किया गया अर्दली रुम, सम्बन्धित को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा आज दिनांक 24.01.2023 को थाना खरेला का वार्षिक निरीक्षण किया गया जिसके उपरान्त थाना खरेला के समस्त विवेचकों का अर्दली रूम क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री अजय कुमार अग्रवाल व थानाध्यक्ष खरेला श्री गणेश कुमार की उपस्थिति में किया गया।

अर्दली रुम के दौरान समस्त विवेचकों से लम्बित विवेचनाओं के संबंध में विस्तृत रुप से पूछताछ करते हुये लम्बित विवेचनाओं के कारण की समीक्षा की गई एवं अकारण विवेचनाओं को लम्बित रखने वाले विवेचकों को सख्त हिदायत देते हुए विवेचनाओं का समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया।

इसके अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनपद में चलाये जा रहे विभिन्न अभियान एवं वांछित/वारंटियों की गिरफ्तारी अभियान की समीक्षा की जिसके क्रम में निर्देशित किया कि रात्रि में चौराहे/तिराहे पर चेकिंग करके अपराधियों के संचरण पर रोक लगाने, अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों का भौतिक सत्यापन करने, अवैध शराब एवं अवैध शस्त्र रखने वालों व क्रय विक्रय करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने तथा महिला संबंधी अपराधों में त्वरित गति से कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गये।





# थाना कुलपहाड़ पुलिस टीम ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 24.01.2023 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के .गौतम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री उमेशचन्द्र के निकट पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना कुलपहाड़ प्रभारी निरीक्षक श्री बीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित की गयी उ0नि0 विनोद कुमार सिंह, हे0का0 उदयभान, हे0का0 मुकेश के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 01 नफर वारण्टी अभियुक्त केशव पुत्र नन्दराम लोधी उम्र 53 वर्ष सम्बन्धित **NBW** मु0सं0 345/2011 सरकार बनाम केशव धारा 60(1),(2) आबकारी अधिनियम के अभियुकक्त को श्रीनगर तिराहा कस्बा जैतपुर थाना कुलपहाड़ से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया । उक्त अभियुक्त को मां. न्यायिक मजिस्ट्रेट कुलपहाड़ जिला महोबा के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया ।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–

**1.** उ0नि0 विनोद कुमार सिंह चौकी प्रभारी बेलाताल कुलपहाड़

**2.** हे0का0 उदयभान **3.** हे0का0 मुकेश

## गिरफ्तार अभियुक्त-

केशव पुत्र नन्दराम लोधी उम्र 53 वर्ष नि0 ग्राम बुधौरा थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा



महोबा पुलिस